संख्या 2145/प्र०सं०ना०सु०रा०पें०/2017
दिनाँक 31.08.2020

उत्तर प्रदेश शासन
लोक सेवा प्रबन्धन अनुभाग
संख्या 261/91–2020,
लखनऊ दिनांक 22 अगस्त, 2020

## अधिसूचना

उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 1 सन् 1904) की धारा 21 के साथ पठित उत्तर प्रदेश जनहित गारन्टी अधिनियम, 2011 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 3 सन् 2011) की धारा 3 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से, समय–समय पर यथासंशोधित सरकारी अधिसूचना संख्या–2198/एक–14–2010–33(100)–2010 टी०सी०–III, दिनांक 15 जनवरी, 2011 में निम्नलिखित संशोधन करती हैं :–

### संशोधन

पूर्वोक्त अधिसूचना में, अनुसूची में, क्रम संख्या–62 की प्रविष्टियों के पश्चात् निम्नलिखित प्रविष्टियां, इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से स्तम्भवार बढ़ा दी जायेंगी, अर्थात् :–

### अनुसूची

| क्र० सं० | विभागों के नाम | सेवायें | पदाभिहित अधिकारी | सेवाओं के लिये नियत समय– सीमा | प्रथम अपीलीय अधिकारी | प्रथम अपीलीय अधिकारी के निस्तारण हेतु नियत समय–सीमा | द्वितीय अपीलीय प्राधिकारी | द्वितीय अपीलीय अधिकारी के निस्तारण हेतु नियत समय–सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 63 | राजनैतिक पेंशन विभाग | 1–स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की मृत्यु के पश्चात् आश्रितों को पारिवारिक पेंशन की स्वीकृति | जिला मजिस्ट्रेट | 30 कार्य दिवस | निदेशक/सचिव उ0 प्र0 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद लखनऊ | 30 कार्य दिवस | संयुक्त सचिव, राजनैतिक पेंशन विभाग, उ0 प्र0 शासन | 30 कार्य दिवस |
| | | 2–लोकतंत्र सेनानी की मृत्यु के पश्चात् आश्रित (यथा स्थिति पति/पत्नी) को सम्मान राशि की स्वीकृति | जिला मजिस्ट्रेट | 30 कार्य दिवस | निदेशक/सचिव उ0 प्र0 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद लखनऊ | 30 कार्य दिवस | संयुक्त सचिव, राजनैतिक पेंशन विभाग, उ0 प्र0 शासन | 30 कार्य दिवस |
| 64 | बेसिक शिक्षा विभाग | 1–अशासकीय प्राथमिक विद्यालय (कक्षा–1 से 5 तक) की मान्यता | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (संबंधित जिला) | 60 कार्य दिवस | मण्डलीय सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी (संबंधित मण्डल) | 30 कार्य दिवस | मण्डल स्तर पर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य | 30 कार्य दिवस |
| | | 2– अशासकीय जूनियर हाई स्कूल (कक्षा–6 से 8 तक) की मान्यता | मण्डलीय सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी (संबंधित मण्डल) | 60 कार्य दिवस | मण्डल स्तर पर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान का प्राचार्य | 30 कार्य दिवस | मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक (संबंधित मण्डल) | 30 कार्य दिवस |

(रतन शुक्ला)
अपर मुख्य सचिव,
नागरिक सुरक्षा एवं राजनैतिक पेंशन विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

31/8/2020
( अमरनाथ उपाध्याय )
विशेष सचिव
राजनैतिक पेंशन/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

आज्ञा से,
(जितेन्द्र कुमार)
प्रमुख सचिव।

Scanned by CamScanner